बिहार सरकार
शिक्षा विभाग
आदेश

पटना, दिनांक ..../

सं0—03/आ01—154/2025................................./श्री कृष्णानंद सदा, तत्कालीन जिला शिक्षा पदाधिकारी, दरभंगा संप्रति सेवानिवृत के विरूद्ध श्री ललित कुमार यादव, माननीय सदस्य, बिहार विधान सभा, 82—दरभंगा ग्रामीण द्वारा पूछे गए तारंकित प्रश्न सं०—17/15/358 एवं 17/15/359 का भ्रामक एवं असत्य प्रतिवेदन देने के आरोप के आधार पर विभागीय पत्रांक—285630 दिनांक 25.08.2025 द्वारा श्री कृष्णानंद सदा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, दरभंगा से लिखित बचाव अभिकथन की मांग की गयी।

2. श्री सदा के पत्रांक—447 दिनांक 30.08.2025 द्वारा लिखित बचाव अभिकथन प्राप्त हुआ। प्राप्त अभिकथन के समीक्षोपरान्त इसे संतोषप्रद नहीं पाते हुए श्री सदा के विरूद्ध आरोप पत्र का गठन किया गया।

3. गठित आरोप पत्र के आलोक में श्री सदा से विभागीय पत्रांक—301366 दिनांक 26.09.2025 द्वारा बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली के नियम 17/19 के तहत लिखित बचाव अभिकथन की मांग की गयी। श्री सदा के पत्रांक—594 दिनांक 15.11.2025 द्वारा लिखित बचाव अभिकथन समर्पित किया गया।

4. श्री सदा द्वारा समर्पित लिखित बचाव अभिकथन की अनुशासनिक प्राधिकार के स्तर पर की गई समीक्षा में यह पाया गया है कि विधानसभा के तारांकित प्रश्नों की उत्तर सामग्री की विवेचना में किसी भ्रांति के कारण उसके आधार पर उत्तर तैयार करने में कतिपय त्रुटि हुई। श्री कृष्णानंद सदा दिनांक—31.12.2025 को सेवानिवृत हो गए हैं।

5. उक्त के आलोक में श्री कृष्णानंद सदा, तत्कालीन जिला शिक्षा पदाधिकारी, दरभंगा संप्रति सेवानिवृत से प्राप्त लिखित बचाव अभिकथन को स्वीकार करते हुए श्री सदा के विरूद्ध प्रारंभ की गई अनुशासनिक कार्यवाही को समाप्त किया जाता है।

6. उक्त पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह0/—
(मनोरंजन कुमार)
निदेशक (प्रशासन)

ज्ञापांक—03/आ०1—154/2025 I/371224 पटना, दिनांक— 25/02/2026

प्रतिलिपि :— महालेखाकार, बिहार, पटना/प्रभारी पदाधिकारी (वै.दा.नि.को.), वित्त विभाग, बिहार, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, ई—गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना को (आई.टी. मैनेजर, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के माध्यम से) बिहार राज्य के असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ/माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/सभी क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक/सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी/ आई.टी. मैनेजर, शिक्षा विभाग/श्री कृष्णानंद सदा तत्कालीन जिला शिक्षा पदाधिकारी, दरभंगा संप्रति सेवानिवृत पता— ग्राम/मोहल्ला—तेलहर, भाया—महिषी, थाना—महिषी, जिला—सहरसा, बिहार, पिन—852216 मो—9430813083 तथा प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा—02 शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Signed by
Manoranjan Kumar
निदेशक (प्रशासन)
Date: 25-02-2026 15:39:24

E:\Manish